टिप्पणी एवं आदेश

(1)

उप महाप्रबन्धक (औ0सं0) / महाप्रबन्धक (औ0सं0)

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन में उ0प्र0 शासन की अनुरूपता में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 लागू है। अवगत कराना है कि उक्त नियमावली में आवश्यकतानुसार समय-समय पर संशोधन किये गये हैं तथा विभिन्न विषयों पर आदेश निर्गत किये गये है। मुख्यालय एवं डिस्काम/क्षेत्रीय कार्यालयों से मृतक आश्रित सेवायोजन के सम्बन्ध में आ रही कठिनाई के निवारण हेतु प्रकरण प्राप्त होते है जिसका कारण कारपोरेशन द्वारा जारी आदेशों की जानकारी न होना है।

अतः मृतक आश्रित सेवायोजन के सम्बन्ध में पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन द्वारा दिनांक 30.06.1976 से दिनांक 10.07.2014 तक जारी ऐसे आदेशों की सूची निम्नवत् दी जा रही है जो कि वर्तमान में प्रभावी एवं प्रासंगिक हैं :-

क0 सं0	आदेश सं0	दिनांक	मृतक आश्रित सेवायोजन के सम्बन्ध में राज्य विद्युत परिषद/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश।
1.	212	30.06.1976	उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975
2.	1235 645/29/10/2000	06.04.1978	नियमावली संशोधन एवं मृतक आश्रित सेवायोजन हेतु प्रार्थना पत्र का प्रारूप। अधिष्ठान
3.	5357	16.07.1981	दत्तक पुत्र/पुत्री को मृतक आश्रित में शामिल किये जाने विषयक।
4.	5614	06.01.1993	20.06.1974 से पूर्व के प्रकरणों में अध्यक्ष के अधिकार समाप्त किये गये।
5.	251	30.08.1993	मुख्य अभियन्ता को नियुक्ति अनुमोदन हेतु अधिकृत।
6.	21	22.01.1998	नियमावली संशोधन-05 वर्ष समय सीमा एवं अवर अभियन्ता से निम्नतर पद सेवायोजन दिये जाने की विज्ञप्ति।
7.	3369	06.08.1999	अधिसंख्य पद (Supernumary post) के विरूद्ध रिक्त पद न होने पर नियुक्ति प्रदान करना।
8.	3880	22.12.2000	मात्र 03 पद (श्रमिक, टी0जी0-2, कार्यालय सहायक-तृतीय) पर नियुक्ति।
9.	4222	13.11.2002	टी0जी0-2 हेतु 02 वर्ष अनुभव शिथिल परिवीक्षा पर नियुक्ति की व्यवस्था।
10.	2797	06.06.2003	महिला मृतक आश्रित की चपरासी पर नियुक्ति
11.	3017	26.06.2003	लापता श्रमिक की सक्षम न्यायालय द्वारा सिविल डेथ घोषित होने से 05 वर्ष की समयसीमा का निर्धारण।
12.	17	23.02.2007	मृतक आश्रित की श्रमिक पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम हाई स्कूल उत्तीर्ण की शर्त से शिथिलता।
13.	139	11.09.2007	टी0जी0-02 पद पर अभियन्त्रण डिग्री/डिप्लोमाधारी मृतक आश्रित की नियुक्ति।
14.	1623	22.04.2008	मृतक आश्रित कार्यालय सहायक-3 पर नियुक्ति हेतु टंकण एवं ओ लेविल कम्प्यूटर अर्हता पूर्ण करने हेतु 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि।
15.	3793	08.10.2009	मृतक आश्रित सेवायोजन हेतु टैक्नीशियन ग्रेड-2 (विद्युत) से विद्युत शब्द विलोपित करते हुये केवल टैक्नीशियन ग्रेड-2 किया गया।
16.	4327	25.11.2009	प्रशासनिक कार्यालय (प्रबन्ध निदेशक, मुख्य अभियन्ता एवं लेखा कार्यालय) में मृतक आश्रित पुरूष अभ्यर्थी का चपरासी पद पर नियुक्ति।
17.	2018	05.12.2012	मृतक सेवक के कुटुम्ब की व्याख्या।
18.	2104	11.07.2013	कार्यालय सहायक-तृतीय पद पर स्नातक के अन्तर्गत बी0ए, बी0काम, बी0एस0सी0, बी0सी0ए0, बी0बी0ए0, बी0ई0, बी0टेक अर्हता सम्मिलित।
19.	686	28.02.2014	मृतक आश्रित की नियुक्ति (सामान्य मामलो मे) के सम्बन्ध में उ0प्र0 जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के अनुसार 90 दिवसों में निर्णय लिये जाने विषयक।
20.	101	10.07.2014	कारपोरेशन मुख्यालय संवर्ग के कार्मिकों हेतु कम्प्यूटर सहायक के पद पर मृतक आश्रित नियुक्त विषयक।

अ प्रस्तावित है कि उक्त समस्त आदेश कारपोरेशन की वेबसाइट पर "मृतक आश्रित नियमावली शीर्षक" से एक आइकॉन बनाकर उसपर अपलोड कर दिये जाये ताकि कारपोरेशन के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को मृतक आश्रित सेवायोजन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण में कोई असुविधा न हो तथा अभिमत प्राप्त करने में अनावश्यक समय बर्बाद न हो एवं मृतक आश्रित को शीघ्रता से सेवायोजन प्राप्त हो सके।

विचारार्थ प्रस्तुत।

Navneet Mathur 18.7.14

(नवनीत माथुर)

कार्मिक अधिकारी

कृपया उक्त 'अ' के प्रस्ताव से सहमत होते हुये

2793

(2)

पृष्ठ 2

टिप्पणी एवं आदेश

उ.प्र.पा.का.लि.

निदेशक (वि.प्र.) महोदय का अनुमोदन प्राप्त करना प्रस्तावित है।

18.7.14

(कौशल चन्द्र सक्सेना)
उप महाप्रबन्धक (औ०सं०)

कृपया प्रस्तर पृष्ठ सं0-01 के [illegible] का अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

19.7.14
महाप्रबन्धक (औ०सं०)
उ०प्र०पा०का०लि०

निदेशक (का.प्र. एवं प्रशा.)

प्रशंसनीय कार्य।

21/7

(राधे मोहन)
निदेशक [illegible]

उ.म.प्र. (औ.सं.)

23/7/14.

2

लखनऊ

(7)

संख्या: 1235-जीई(2)/रा०वि०प०-3(17)जी०ई(2)/1976.   दि०:अप्रैल 6, 78.

अधिसूचना

=======

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद, सेवा काल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975, जो परिषदीय विज्ञप्ति संख्या 212 जी०एम०/रा०वि०प०-3(15)जी०एम०/74, दिनांक 30जून, 1976, द्वारा प्रकाशित हुई, के अनुच्छेद 3,5,10 में निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं।

परिषदीय आदेश सं० 212-जी०एम०/रा०वि०प०-3-15जी०एम०/74(दि० 30.6.76 द्वारा जारी नियमावली स्तम्भ।	संशोधित स्तम्भ
3- नियमावली का लागू किया जाना-यह नियमावली परिषद के अन्तर्गत जूनियर इंजीनियर तथा उसके समकक्ष से नीचे पदों पर ही लागू होगी।	3- नियमावली का लागू किया जाना- यह नियमावली परिषद के अन्तर्गत समस्त ऐसे पदों पर नियुक्ति हेतु लागू होगी, जिन पर सीधी भरती की जाती है।
5- मृतक के कुटुम्ब के किसी सदस्य की भर्ती- यदि इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पश्चात किसी परिषदीय सेवक की सेवा काल में मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के ऐसे एक सदस्य को जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियन्त्रित निगम या राज्य विद्युत परिषद के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिए आवेदन करने पर भरती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुए, परिषदीय सेवा में (जूनियर इंजीनियर तथा उसके समकक्ष के नीचे के पदों पर) सेवायोजन प्रदान किया जायेगा। किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह सदस्य उस पद के लिए विहित शैक्षिक अर्हता रखता हो तथा वह अन्य प्रकार से भी परिषदीय सेवा के लिए अर्ह हो ऐसी नौकरी अविलम्ब और यथाशक्ति उसी इकाई में दी जानी चाहिए जिसमें मृत परिषदीय सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व सेवायोजित था।	5- मृतक के कुटुम्ब के किसी सदस्य की भरती- यदि इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पश्चात किसी परिषदीय सेवक की सेवा काल में ऐसे एक सदस्य की मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के ऐसे एक सदस्य को, जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित किसी निगम या राज्य विद्युत परिषद के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिए आवेदन करने पर, भरती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुए, परिषदीय सेवा में सेवायोजन प्रदान किया जाएगा। किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह सदस्य उस पद के लिए विहित शैक्षिक अर्हता रखता हो तथा वह अन्य प्रकार से परिषदीय सेवा के लिए अर्ह हो।
10- राज्य सरकार अथवा परिषद इस नियमावली के किसी उपबन्ध के कार्यान्वयन में किसी कठिनाई को (जिसके विद्यमान होने के बारे में वह एक मात्र निर्णायक होगी) दूर करने के प्रयोजनार्थ	10- परिषद इस नियमावली के किसी उपबन्ध के कार्यान्वयन में किसी कठिनाई को (जिसके विद्यमान होने के बारे में वह एकमात्र निर्णायक होगी) दूर करने के प्रयोजनार्थ कोई ऐसा सामान्य या

क्रमशः---------2.

कोई ऐसा आदेश या विकल्प आदेश [illegible] [illegible] उचित व्यवहार [illegible] लोकहित में आवश्यक या समीचीन समझे।	[illegible] उचित व्यवहार [illegible] लोकहित आवश्यक या समीचीन समझे ।

यह संशोधित [illegible] मृतक परिषदीय कर्मचारी की पत्नी, पुत्र/पुत्री, को कर्मचारी की मृत्यु की तिथि से छः माह तक ही ग्राह्य होगी ।

ह0 (राजेन्द्र नाथ भार्गव)
सदस्य सचिव।

सं0: 1235(1)बी0ई0(2)/रा0वि0प0/78 तद्दिनांक

प्रतिलिपि अधीक्षक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया उपरोक्त अधिसूचना को शासकीय गजट के अगले अंक में प्रकाशित करवा दें ।

आज्ञा से,
ह0 : सुरेश चन्द्र रस्तोगी,
उप सचिव

संख्या: 1235(2)बी0ई0(2)/रा0वि0प0/78 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को परिषद के पृष्ठ0 [illegible] ई0एम0/रा0वि0प0-तीन-15बी0एम0/74, दिनांक 30 जून, 1976 के अनुक्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
2- जनरल मैनेजर, कानपुर विद्युत सम्पूर्ति प्रशासन, [illegible], कानपुर ।
3- मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
4- समस्त मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
5- समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
6- जनरल मैनेजर, एवं मुख्य अभियन्ता, ओबरा तापीय एवं जल-विद्युत गृह, ओबरा।
7- अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता (परिचालन एवं रख-रखाव) ओबरा तापीय विद्युत गृह, ओबरा, जनपद-मिर्जापुर ।
8- समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
9- समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
10- समस्त रीजनल प्रोजेक्टस एकाउन्टस आफिसर, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
11- जन सम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
12- परिषद मुख्यालय के समस्त अनुभाग ।
13- जनरल मैनेजर एवं मुख्य अभियन्ता, हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स, देहरादून ।
14- अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय), उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
15- समस्त वैयक्तिक सहायक, परिषद मुख्यालय ।

आज्ञा से,
ह0: सुरेश चन्द्र रस्तोगी,
उप सचिव

सत्य प्रतिलिपि
[illegible]
20/5/80

उ०प्र० पावर कारपोरेशन लिमिटेड
5 वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग
लखनऊ।

संख्या: 645-औ०स०/पा०का०लि०/2000-27एफ/80 दिनांक 29-3-2000

कार्यालय ज्ञाप

उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० के सम्यक विचारोपरान्त पूर्व वर्ती परिषदीय कार्यालय ज्ञाप संख्या-251-विधि-23/रा.वि.प.-93-7 विधि/92 दिनांक 30 अगस्त 1993 के प्रस्तर 2 (i) में निहित आदेशों को अतिक्रमित करते हुए तत्काल प्रभाव से निम्नवत् निर्णय है कि :-

1. मृतकाश्रित के रूप में सेवायोजन हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर नियुक्ति अधिकारी प्राप्त आवेदन के तथ्यों की जाँच कर इस तथ्य की पुष्टि करने के उपरान्त, कि आवेदक उ०प्र०रा०वि०प० सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रित की भर्ती नियमावली 1975 के नियम-7 के अनुसार जिस पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक है उसके लिए वह पूर्ण रूपेण उपयुक्त है तथा नियमावली के नियम-8 के अन्तर्गत अभ्यर्थी कार्य तथा दक्षता के न्यूनतम स्तर को बनाये रखने में सक्षम है, प्रकरण उचित माध्यम से मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) को सन्दर्भित करेंगे जो उक्त प्रकरण के प्राप्त होने पर उसका परीक्षण करेंगे कि संबंधित मृतक आश्रित उस पद के लिए विहित शैक्षिक अर्हता रखता है तथा वह अन्य प्रकार से भी कारपोरेशन की सेवा के लिए अर्ह है आदि को ध्यान में रखते हुए अपनी संस्तुति के साथ उक्त प्रकरण को महाप्रबन्धक (औ०स०), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ को सन्दर्भित करेंगे।
2. महाप्रबन्धक (औ०स०), मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) से प्राप्त प्रकरणों पर निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन) का अनुमोदन प्राप्त कर मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) को सूचित करेंगे। तत्पश्चात् संबंधित नियुक्ति अधिकारी तदनुसार नियुक्ति पत्र निर्गत कर सकेंगे।
3. ऐसी नियुक्ति उसी इकाई में की जायेगी जिस इकाई में मृतक कर्मचारी मृत्यु से पूर्व कार्यरत था। इस संबंध में पूर्ववर्ती परिषदीय अधिसूचना संख्या-1235-जीई (2)-रा.वि.प.-3(17)जीई(2)/1976 दिनांक 6-4-1978 को इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

पूर्ववर्ती उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद सेवा काल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली-1975 एवं समय-2 पर यथासंशोधित नियम/आदेश यथावत लागू रहेंगे।

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

संख्याः 645 /पा0का0लि0/2000 दिनांकः 29-3-2000

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. माननीय ऊर्जा मंत्री जी, उ0प्र0 शासन के निजी सचिव ।
2. माननीय राज्य ऊर्जा मंत्रीगण, उ0प्र0 शासन के निजी सचिव ।
3. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, 4-विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
4. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक पूर्वांचल-वाराणसी/मध्यांचल-लखनऊ/पश्चिमांचल-मेरठ/उत्तरांचल-देहरादून, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 ।
5. मुख्य महाप्रबन्धक (पारेषण)/लेखा/विद्युत सेवा आयोग/जाँच समितियाँ/भण्डार प्रबन्ध/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 ।
6. समस्त महाप्रबन्धक, वितरण/पारेषण/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 ।
7. समस्त उप-महाप्रबन्धक, वितरण/पारेषण/लेखा, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 ।
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 ।
9. कारपोरेशन मुख्यालय के समस्त अधिकारी गण/[illegible]/अनुभाग ।

आज्ञा से

([illegible] पाण्डेय)
निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्ध)

(9)

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद,
"शक्ति भवन" 14-अशोक मार्ग,
लखनऊ।

संख्या: 5357-डब्लूसी/राविप(औस-उन्नीस)81-25-एफ/81 दिनांक 16 जुलाई, 1981.

कार्यालय-ज्ञाप

परिषद के समक्ष अभी हाल में एक मामला ऐसा आया है जिसमें मृत परिषदीय कर्मचारी सन्तानहीन था तथा उसके दत्तक पुत्र ने "उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975" के अन्तर्गत बहैसियत आश्रित परिषदीय सेवायोजन प्रदान किये जाने का आवेदन किया गया था। इस सम्बन्ध में परिषद को यह परामर्श दी गई कि चूंकि हिन्दू विधि में दत्तक ग्रहण करने की मान्यता दी गई है इस लिये उक्त नियमावली में जहां कहीं भी "पुत्र" शब्द का प्रयोग हुआ है उसका तात्पर्य केवल हिन्दू कर्मचारियों के मामलों में दत्तक पुत्र से भी होगा।

मुख्य अभियन्ता (कार्मिक)

संख्या: 5357-एक/डब्लूसी/राविप/एएस0-19/81 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
2- समस्त महा प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
3- मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
4- समस्त मुख्य क्षेत्रीय, अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
5- समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
6- समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
7- समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
8- समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी/सहायक कार्मिक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद।
9- समस्त रीजनल/प्रोजेक्ट एकाउन्टस आफिसर, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
10- जन सम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद लखनऊ।
11- परिषद मुख्यालय के समस्त अनुभाग/प्रशासन एवं लेखा।
12- समस्त वैयक्तिक सहायक, परिषद मुख्यालय।

सत्य प्रतिलिपि
[signature]
9.1.87

आज्ञा से,

ह0 हरिपाल सिंह
मुख्य अभियन्ता (कार्मिक)

9

"शक्ति भवन", 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

संख्या-5614-डब्लू0सी0/राविप(अ0सं0-उन्नीस)92-27-एफ/80 दिनांक 6.1.199 दिसम्बर, 1992.

(9)

अधिसूचना

(10)

परिषदीय अधिसूचना संख्या-296-एफ/राविप(एएसं0-19)81-27-एफ/80, दिनांक 8.4.81 के नियम-2 द्वारा परिषद के अध्यक्ष महोदय को "उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975" के प्राविधानों से अनाच्छादित मामलों में शिथिलीकरण हेतु विशेष अधिकार प्रदान किया गया था ।

प्रश्नगत नियमावली दिनांक 20 जून, 1974 से प्रभावी है तथा इसका प्रयोजन यह था कि मृतक के परिवार को तात्कालिक सहायता पहुंचाने हेतु उसके एक आश्रित को परिषदीय सेवायोजन प्रदान किया जाये । चूंकि दिनांक 20.6.74 से पूर्व के मामलों में अब निर्णय लेने का कोई औचित्य नहीं है अतः परिषद एतदद्वारा उक्त नियम-2. के द्वारा अध्यक्ष महोदय को प्रदत्त विशेष अधिकार को निरस्त करता है ।

अतएव एतदद्वारा यह स्पष्ट आदेश दिया जाता है कि प्रश्नगत नियमावली के अन्तर्गत दिनांक 20.6.74 के पूर्व का कोई भी मामला किसी भी स्तर से निस्तारित नहीं किया जायेगा ।

परिषद की आज्ञा से,
सचिव ।

संख्या-5614(एक)डब्लू0सी0/राविप(अ0सं0-उन्नीस)92 तद्दिनांक

प्रतिलिपि अधीक्षक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि वे कृपया उपरोक्त अधिसूचना को शासकीय गजट के आगामी अंक में प्रकाशित करवा दें ।

आज्ञा से,
(हस्ताक्षर)
(अरुण कुमार वशिष्ठ)
सचिव ।

संख्या-5614(दो)डब्लू0सी0/राविप(अ0सं0-उन्नीस)92 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
2. समस्त महा प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
3. समस्त मुख्य परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
4. समस्त मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
5. मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, शक्ति भवन, लखनऊ ।
6. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
8. समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
9. वरिष्ठ औद्योगिक सम्बन्ध अधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, शक्ति भवन, लखनऊ ।
10. उप-सचिव (जन सम्पर्क), उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, शक्ति भवन, लखनऊ ।
11. परिषद (मुख्यालय) के समस्त अनुभाग/निजी सचिव/वैयक्तिक सहायक (प्रशासनिक एवं लेखा-स्कन्ध) ।
12. अनु-सचिव (रेगुलेशन)/(बी0ओ0जे0), उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, शक्ति भवन, लखनऊ ।

आज्ञा से,
(हस्ताक्षर)
(एल0आर0 जाटव)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी ।

उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद
"शक्ति भवन" 14-अशोक मार्ग
लखनऊ।

संख्या: 212-सी०एम०/रा०वि०प०-3-15सी०एम/74 दिनांक: जून 30, 1976

अधिसूचना

विद्युत (सम्पूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा 79(सी) में प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा काल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित विशेष नियमावली बनाते हैं :-

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा काल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ:- 1- यह नियमावली उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 कहलायेगी।
   2- यह 20 जून, 1974 से प्रवृत्त हुई समझी जाएगी।
2. परिभाषाएं:- जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में -
   क= "परिषदीय सेवक" का तात्पर्य "उत्तर प्रदेश के कार्य-कलाप के सम्बन्ध में सेवायोजित ऐसे परिषदीय सेवक से है जो--
   1- ऐसे सेवायोजन में स्थायी था, या
   2- यद्यपि अस्थायी है तथापि ऐसे सेवायोजन में नियमित रूप से नियुक्त किया गया था, या
   3- यद्यपि नियमित रूप से नियुक्त नहीं है तथापि ऐसे सेवायोजन में नियमित रिक्ति में तीन वर्ष की निरन्तर सेवा की है।
   स्पष्टीकरण - "नियमित रूप से नियुक्त" का तात्पर्य, यथास्थिति, पद पर या सेवा में भर्ती के लिए अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार नियुक्त किये जाने से है।
   ख= "मृत परिषदीय सेवक", का तात्पर्य ऐसे परिषदीय सेवक से है जिसकी मृत्यु सेवा में रहते हुए हो जाए,
   ग= "कुटुम्ब" के अंतर्गत मृत परिषदीय सेवक के निम्नलिखित सम्बन्धी होंगे:
   1: पत्नी या पति
   2: पुत्र
   3: अविवाहित पुत्रियां तथा विधवा पुत्रियां।
   घ= "कार्यालय का प्रधान" का तात्पर्य उस कार्यालय के प्रधान से है जिस कार्यालय में मृत परिषदीय सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व सेवारत था।

3. नियमावली का लागू किया जाना— यह नियमावली परिषद के अन्तर्गत ...यर इंजीनियर तथा उसके समकक्ष से नीचे के पदों पर ही लागू होगी ।

4. इस नियमावली का अध्यारोही प्रभाव— इस नियमावली के प्रारंभ के समय प्रवृत्त किन्हीं नियमों विनियमों या आदेशों में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, यह नियमावली तथा तदधीन जारी किया गया कोई आदेश प्रभावी होगा ।

5. मृतक के कुटुम्ब के किसी सदस्य की भर्ती यदि इस नियमावली के प्रारंभ होने के पश्चात किसी परिषदीय सेवक की सेवा-काल में मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के ऐसे एक सदस्य को जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित किसी निगम या राज्य विद्युत परिषद के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिए आवेदन करने पर, भर्ती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुए, परिषदीय सेवा में जूनियर इंजीनियर तथा उसके समकक्ष से नीचे के पदों पर सेवायोजन प्रदान किया जायेगा । किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यह सदस्य उस पद के लिए विहित शैक्षिक अर्हता रखता हो तथा वह अन्य प्रकार से भी परिषदीय सेवा के लिए अर्ह हो । ऐसी नौकरी अविलम्ब और यथासंभव उसी इकाई में दी जानी चाहिए जिसमें मृत परिषदीय सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व सेवायोजित था ।

6. सेवायोजन के लिए आवेदन-पत्र की विषयवस्तु – इस नियमावली के अधीन नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र जिस पद पर नियुक्ति अभिलषित है, उस पद से संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी को सम्बोधित किया जायेगा, जहां मृत परिषदीय सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व कार्य कर रहा था । आवेदन-पत्र में, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित सूचना दी जाएगी :-

(क) मृत परिषदीय सेवक की मृत्यु का दिनांक वह इकाई जहां और वह पद जिस पर वह अपनी मृत्यु के पूर्व कार्य कर रहा था ।
(ख) मृतक के कुटुम्ब के सदस्यों के नाम, उनकी आयु तथा अन्य ब्यौरे विशेषतया उनके विवाह, सेवायोजन तथा आय संबंधी ब्यौरे,
(ग) कुटुम्ब की वित्तीय दशा का ब्यौरा, और
(घ) आवेदक की शैक्षिक तथा अन्य अर्हतायें, यदि कोई हो ।

7. प्रक्रिया जब कुटुम्ब के एकाधिक सदस्य सेवायोजन चाहते हों – यदि मृत परिषदीय सेवक के कुटुम्ब के एकाधिक सदस्य इस नियमावली के अधीन सेवायोजन चाहते हों तो कार्यालय का प्रधान सेवायोजित करने के लिए व्यक्ति की उपयुक्तता को विनिश्चित करेगा । समस्त कुटुम्ब विशेषतया उसके विधवा तथा अवयस्क सदस्यों के कल्याण के निमित्त उसके सम्पूर्ण हित को भी ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा ।

8. आयु तथा अन्य अपेक्षाओं में शिथिलता—

(1) इस नियमावली के अधीन नियुक्ति चाहने वाले अभ्यर्थी की आयु नियुक्ति के समय अठारह वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए ।

(2) चयन के लिए प्रक्रिया संबंधी अपेक्षाओं से, यथालिखित परीक्षा या चयन समिति द्वारा साक्षात्कार से मुक्त कर दिया जायेगा किन्तु अभ्यर्थी पद से- पद प्रत्याशित कार्य तथा दक्षता के न्यूनतम स्तर को बनाए रखेगा इस बात का समाधान करने के उद्देश्य से अभ्यर्थी का साक्षात्कार करने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी स्वाधीन होगा ।

क्रमशः ——3

(3) इस नियमावली के अधीन कोई नियुक्ति केवल किसी विद्यमान रिक्ति के प्रति की जायेगी।

9. सामान्य अर्हताओं के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान—
किसी अभ्यर्थी को नियुक्त करने के पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी अपना यह समाधान करेगा कि —

(क) अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा है कि वह परिषदीय सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है,

टिप्पणी:— संघ सरकार या किसी राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित किसी निगम या राज्य विद्युत परिषद द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं समझे जाएंगे।

(ख) वह मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त है जिसके कारण उसके द्वारा अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो तथा इस बात के लिए अभ्यर्थी से उस मामले में लागू नियमों के अनुसार समुचित चिकित्सा प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने और स्वस्थता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायेगी।

(ग) पुरुष अभ्यर्थी की दशा में, उसकी एक से अधिक पत्नी जीवित न हों और किसी महिला अभ्यर्थी की दशा में उसने ऐसे व्यक्ति से विवाह न किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो।

10—कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति — राज्य सरकार अथवा परिषद इस नियमावली के किसी उपबन्ध के कार्यान्वयन में किसी कठिनाई को (जिसके विद्यमान होने के बारे में वह एकमात्र निर्णायक होगी) दूर करने के प्रयोजनार्थ कोई ऐसा सामान्य या विशेष आदेश दे सकती है जिसे वह उचित [illegible]हार या लोक हित में आवश्यक या समीचीन समझे।

अवध कुमार गुप्त
सचिव।

संख्या: 2(2)(1)(बी०एम०/रा०वि०प०—सीम—15जी०एम/74.

प्रतिलिपि, अध्यक्ष, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित, कि वे कृपया उपरोक्त अधिसूचना को शासकीय गजट के अगले अंक में प्रकाशित करा दें।

आज्ञा से,

(कैलाश नाथ माथुर)
संयुक्त सचिव।

संख्या: 212(2)सी0एम0/रा0वि0प0-तीन-15जी0एम/74

प्रतिलिपि निम्नलिखित को परिषद के पत्र संख्या 1584-सी0एम0/रा0वि0प0-तीन 15जी0एम/74, दिनांक 20 मई, 1974 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। इन नियमों का लाभ परिषद के स समस्त कर्मचारियों को प्राप्त होगा लेकिन नियम 5 के अनुसार आश्रितों की भर्ती जूनियर इन्जीनियर तथा उसके समकक्ष से नीचे पदों पर ही की जायेगी।

1- मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
2- जनरल मैनेजर, कानपुर विद्युत सम्पूर्ति प्रशासन, केसा हाउस, कानपुर।
3- मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
4- समस्त मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता) उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
5- समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता)
6- जनरल मैनेजर एवं मुख्य अभियन्ता, ओबरा तापीय एवं जल-विद्युत गृह, ओबरा, जनपद-मिर्जापुर।
7- अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता (परिचालन एवं रख-रखाव), ओबरा तापीय विद्युत गृह, ओबरा (मिर्जापुर)।
8- समस्त अधीक्षण अभियन्ता) उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद।
9- समस्त अधिशासी अभियन्ता)
10- समस्त रीजनल प्रोजेक्ट्स एकाउंट्स आफिसर, उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद।
11- जन संपर्क अधिकारी, उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
12- परिषद मुख्यालय के समस्त अनुभाग।
13- जनरल मैनेजर एवं मुख्य अभियन्ता, हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स, देहरादून।
14- अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय), उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ।
15- समस्त वैयक्तिक सहायक, परिषद मुख्यालय।

आज्ञा से,

(कैलाश नाथ माथुर)
संयुक्त सचिव।

सत्य प्रतिलिपि

20/5/80

शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग,
लखनऊ

संख्या-251-विनि-23/राविप-93-7विनि/92 (11) दिनांक : जुलाई 30, 1995

(10)

कार्यालय ज्ञाप

परिषद ने सम्यक विचारोपरान्त कार्यालय ज्ञाप सं0-225-विनि-23/राविप-92-4विनि/92, दिनांक 16.12.92 में निहित आदेशों के अतिक्रमण में यह निर्णय लिया है कि :-

(1) राज्य विद्युत परिषद की सेवाओं के राजपत्रित एवं अराजपत्रित संवर्गों में प्रारम्भिक नियुक्तियों हेतु सभी चयन विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से किया जायेगा ।

(2) राज्य विद्युत परिषद की सेवाओं के सभी संवर्गों में प्रोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सम्बन्ध में चयन/नियुक्ति सक्षम अधिकारी/विभागीय चयन समिति के माध्यम से की जा रही विद्यमान व्यवस्था यथावत् लागू रहेगी ।

2. उक्त उप-कडिका (1) में उल्लिखित आदेश सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती से सम्बन्धित प्रकरणों में लागू नहीं होंगे। उनके मामलों का निस्तारण अधोलिखित व्यवस्था के आधीन किया जायेगा ।

(1) सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती सम्बन्धित नियुक्त अधिकारी अपने नियंत्रक मुख्य अभियन्ता से लिखित पूर्वानुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही करेंगे ।

(2) समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता/महा-प्रबन्धक/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/मुख्य लेखाधिकारी सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती से सम्बन्धित त्रैमासिक विवरण जुलाई, अक्टूबर, जनवरी एवं अप्रैल माह की 15 तारीख तक मुख्य कार्मिक अधिकारी, राज्य विद्युत परिषद, शक्ति भवन, लखनऊ को प्रस्तुत करेंगे ।

परिषद की आज्ञा से,

(मार्कण्डेय सिंह)
सचिव

सं0-251(1)विनि-23/राविप-93-7विनि/92 तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. सभापति, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता स्तर-I/II, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
3. महाप्रबन्धक, कानपुर विद्युत सम्पूर्ति प्रशासन, उ0प्र0 राज्य विद्युत परि0, कानपुर ।
4. अपर सचिव-I/II/III, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ
5. समस्त संयुक्त सचिव, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
6. मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
7. मुख्य कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
8. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
9. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
10. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।

2IA x 5 = 10

(112)

11. परिषद सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
12. बैठक तालिका की उ०प्र० राज्य विद्युत परिषद की 1993 की पाँचवी बैठक के मद सं० पार्ट 101.4993 एवं पार्ट 11/9.1993 के क्रम में ।

आज्ञा से,

30/08/93

(डा० रमापति दुबे)
संयुक्त सचिव

(13)

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ ।

संख्या: 21 -विनियम-23/रा.विप-98-4विनियम/93 दिनांक: 22 जनवरी 1998

विज्ञप्ति

विविध

इलेक्ट्रिसिटी (सप्लाई) एक्ट, 1948 की धारा 79 (सी) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद एतद्द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली - 1975 (परिषदीय अधिसूचना संख्या- 212-जी0एम0/रा.विप-3(15)जी0एम0-74 दिनांक जून 30, 1976 द्वारा अधिसूचित एवं अधिसूचना संख्या- 1235-जी0ई0(2)/रा.विप-3(17)जी0ई0(2)/1976 दिनांक अप्रैल 06, 1978, संख्या- 296-एफ0/रा.विप/ए0एस0-1981-27एफ0/80, दिनांक अप्रैल 08, 1981 एवं संख्या-5614-डब्लू0सी0/रा.विप(औ0सं0-उन्नीस)92-27एफ0/80, दिनांक 06-01-1993 द्वारा संशोधित) में संशोधन करते हुए निम्न विनियम बनाते हैं :-

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चतुर्थ संशोधन) विनियम - 1998

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ

(1) ये विनियम उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चतुर्थ संशोधन) विनियम - 1998 कहलायेंगे ।

(2) ये तत्काल प्रभावी होंगे ।

2. विनियमों का प्रतिस्थापन

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती विनियम - 1975 के वर्तमान विनियम 3 एवं 5 जैसा कि निम्न स्तम्भ-I में दिये गये हैं, स्तम्भ-II में दिये गये विनियमों द्वारा प्रतिस्थापित होंगे :-

स्तम्भ-I वर्तमान विनियम	स्तम्भ-II एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम
विनियम-3"नियमावली का लागू किया जाना" यह नियमावली परिषद के अन्तर्गत समस्त ऐसे पदों पर नियुक्ति हेतु लागू होगी, जिन पर सीधी भर्ती की जाती है ।	विनियम-3"नियमावली का लागू किया जाना यह नियमावली परिषद के अन्तर्गत तृतीय श्रेणी (अवर अभियंता तथा उसके समकक्ष से नीचे के पदों) एवं चतुर्थ श्रेणी के समस्त ऐसे पदों पर नियुक्ति हेतु लागू होगी, जिन पर सीधी भर्ती की जाती है ।

-------2/-

विनियम-5 "मृतक के कुटुम्ब के किसी सदस्य की भर्ती"

यदि इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पश्चात किसी परिषदीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के एक ऐसे सदस्य को, जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित किसी निगम या राज्य विद्युत परिषद के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिये आवेदन करने पर, भर्ती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुये परिषदीय सेवा में सेवायोजन प्रदान किया जायेगा । किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह सदस्य उस पद के लिये विहित शैक्षिक अर्हता रखता हो तथा वह अन्य प्रकार से परिषदीय सेवा के लिए अर्ह हो ।

(14)

विनियम-5 "मृतक के कुटुम्ब के किसी सदस्य की भर्ती"

यदि इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पश्चात किसी परिषदीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के एक ऐसे सदस्य को, जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित किसी निगम या राज्य विद्युत परिषद के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिये आवेदन करने पर भर्ती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुए, परिषदीय सेवा में तृतीय श्रेणी (अवर अभियंता तथा उसके समकक्ष से नीचे के पदों) एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सेवायोजन प्रदान किया जायेगा । किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह सदस्य :-

(एक) पद के लिये विहित शैक्षिक अर्हतायें पूरी करता हो ,

(दो) परिषदीय सेवा के लिये अन्यथा अर्ह हो और

(तीन) परिषदीय सेवक की मृत्यु के दिनांक के पांच वर्ष के भीतर सेवायोजन के लिए आवेदन करता है ।

परन्तु जहां परिषद का यह समाधान हो जाय कि सेवायोजन के लिए आवेदन करने के लिए नियत समय सीमा से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह अपेक्षाओं को, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्य-पूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है ।

परिषद की आज्ञा से,

(शरत चन्द्र रस्तोगी)
सचिव

सं0- 21 ॥1॥विनियम-23/राविप-98 तद् दिनांक
===

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त महा प्रबन्धक/मुख्य अभियंता ॥स्तर-1 व 11॥, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
2. समस्त नियंत्रक, लेखा शाखा, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
3. निदेशक, आन्तरिक लेखा सम्परीक्षा, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
4. सभापति, जांच समिति, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
5. मुख्य लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
6. सभापति, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
7. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद,
8. समस्त अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
9. समस्त अधिकारीगण, परिषद सचिवालय/लेखा स्कन्ध, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
10. समस्त अनुभाग, परिषद सचिवालय/लेखा स्कन्ध, उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद ।
11. बैठक सहायक को परिषदीय बैठक दिनांक 13.1.98 के मद सं0- 1॥5॥/1998 के संदर्भ में ।

आज्ञा से,

॥ एस0 पी0 श्रीवास्तव ॥
संयुक्त सचिव

14

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद
14- अशोक मार्ग: शक्ति भवन: लखनऊ

संख्या:3369/राविब/औस-17/99-27एफ/80 दिनांक 6.8.1999

कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की **भर्ती** नियमावली, 1975 के वर्तमान **नियम 8 के उपनियम (3), जो स्तम्भ एक में** दर्शित है, को संशोधित कर स्तम्भ दो के अनुसार व्यवस्था की जाती है :

स्तम्भ "एक" वर्तमान नियम 8 का उपनियम (3)	स्तम्भ "दो" संशोधित नियम 8 का उपनियम (3)
इस नियमावली के अधीन कोई नियुक्ति विद्यमान रिक्ति में की जायेगी ।	इस नियमावली के अधीन परिषद में सीधी भर्ती के श्रेणी (तीन) (अवर अभियन्ता व समकक्ष पद को छोड़कर) के निम्नतम पद पर व श्रेणी 4 में कोई नियुक्ति विद्यमान रिक्ति में की जायेगी। प्रतिबन्ध यह है कि यदि कोई रिक्ति विद्यमान न हो, तो नियुक्ति तुरन्त किसी ऐसे अधिसंख्य पद (Supernumary Post) के प्रति की जायेगी जिसे इस प्रयोजन के लिए सृजित किया गया समझा जायेगा और जो तब तक चलेगा जब तक कोई रिक्ति उपलब्ध न हो जाय ।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे ।

सचिव

संख्या3369(1)/राविप-औस-17/99-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त महाप्रबन्धक/मुख्य अभियन्ता (स्तर I व II), उ०प्र०रा०वि०परिषद ।
2. समस्त नियंत्रक, लेखा शाखा, उ०प्र०राज्य विद्युत परिषद ।
3. निदेशक, आन्तरिक लेखा सम्परीक्षा, उ०प्र०रा०वि०परिषद ।
4. मु. अभियन्ता, जांच समिति, उ०प्र०रा०वि०परिषद, लखनऊ ।
5. मुख्य लेखाधिकारी, उ०प्र०रा०वि०परिषद ।
6. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद, लखनऊ ।
7. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ०प्र०रा०वि०परिषद।
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र०राज्य विद्युत परिषद ।
9. समस्त अधिकारीगण, परिषद सचिवालय/लेखा स्कन्ध, उ०प्र०रा०वि०परिषद ।
10. समस्त अनुभाग, परिषद सचिवालय/लेखा स्कन्ध, उ०प्र०रा० विद्युत परिषद ।

आज्ञा से,

(एल० आर० जाटव)
मुख्य कार्मिक अधिकारी

(18)

(15)

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

सं0 4222-औस-17/पाकालि/2002-10(74)ए.इस. 2002 दि013 नवम्बर 2002

कार्यालय ज्ञाप

पूर्ववर्ती उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत टैक्नीशियन ग्रेड-2 (विद्युत) के पद पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद परिचालकीय कर्मचारी वर्ग सेवा विनियमावली 1995 द्वारा निर्धारित अर्हता में दो वर्ष के कार्य अनुभव की अनिवार्यता को उक्त विनियमावली के नियम -45(ii) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अधीन, निम्न प्रकार से एतद्द्वारा शिथिल किया जाता है :-

"यदि मृतक आश्रित टी. जी. ग्रेड-2 (विद्युत) पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अन्य योग्यताएँ रखता है परन्तु दो वर्ष का अनुभव नहीं रखता है तो ऐसे आश्रित को प्रोबेशन (परिवीक्षा) पर दो वर्ष हेतु नियुक्ति प्रदान कर दी जाए तथा उसके द्वारा सन्तोषजनक कार्यपूर्ण करने पर उसे नियमित नियुक्ति प्रदान की जाए।"

अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक

सं0 4222-1-औस-17/पाकालि/2002 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक महोदय के प्रमुख निजी सचिव
2. निदेशक (पारेषण)/(वितरण)/(वाणिज्य)/(वित्त) एवं (कार्मिक प्रबन्ध एवं प्रशासन) के निजी सचिव।
3. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक उ0प्र0पाका0लि0
4. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत)/अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग/जॉच समिति उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
5. समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0पाका0लि0
6. उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 मुख्यालय /लेखा शाखा के समस्त अधिकारीगण
7. अनुसचिव (विनियम) उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ
8. कट फाइल।

13/11/02

आज्ञा से,

(एस. आर. जाटव)
महाप्रबन्धक (औस)

6

17

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ

सं0 2797-औद-17/पाकालि/2003-27-एफ./80टी.सी.   दिनांक 06 जून 2003

कार्यालय ज्ञाप

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0 3880-औद-17/पाकालि/2000-27 एफ/80 दिनांक 22.12.2000 के अनुक्रम में पूर्ववर्ती परिषद/पावर कारपोरेशन के सेवा काल में मृत कार्मिकों के आश्रितों के सेवायोजन के सम्बन्ध में निदेशक मण्डल द्वारा सम्यक विचारोपरान्त मृतकाश्रितों की नियुक्ति श्रमिक, टेक्नीशियन ग्रेड-2 (विद्युत) एवं कार्यालय सहायक-तृतीय के साथ साथ मात्र महिला आश्रितों (आवेदक) की नियुक्ति चपरासी पद पर भी किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

निदेशक मण्डल

सं0 2797-1-औद-17/पाकालि/2003 तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. मा0 ऊर्जा मंत्री जी, उ0प्र0शासन के निजी सचिव.
2. प्रमुख सचिव, ऊर्जा, उ0प्र0शासन, बापू भवन, लखनऊ
3. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 4-विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ
4. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0/समस्त महाप्रबन्धक उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
5. समस्त उपमहाप्रबन्धक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
7. समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि
8. पावर कारपोरेशन मुख्यालय के प्रशासन एवं लेखा स्कन्ध के समस्त अधिकारी, अनुभाग अधिकारी एवं निजी सचिव.
9. कम्पनी सचिव, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ को उनके पत्र सं0 85/पाकालि/बैठक 2003 दिनांक 26.5.2003 के संदर्भ में.
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रवि प्रकाश मिश्र)
कार्मिक अधिकारी

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ (20)

सं0 3017-औस-17/पाकालि/2003-10(100)ए. एस. 2002 दिनांक 26 जून 2003

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत कार्मिकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 (यथा संशोधित) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत मृतक कार्मिक के आश्रित को मृतकाश्रित के रूप में सेवायोजन प्रदान करने सम्बन्धी आवेदन पत्र विभाग को प्रस्तुत करने हेतु पूर्ववर्ती परिषद की विज्ञप्ति सं0 21-विनियम-23/राविप/98 दिनांक 22.1.98 द्वारा अधिकतम समय सीमा कार्मिक की मृत्यु की तिथि से 5 वर्ष निर्धारित है। लापता कार्मिकों के प्रकरणों में कतिपय भ्रांतियाँ व्याप्त है, जिसके समाधान हेतु एतद्द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि लापता कार्मिक की भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में निहित प्राविधानानुसार सक्षम न्यायालय द्वारा सिविल डेथ घोषित करने सम्बन्धी निर्णय निर्गत होने की तिथि से उक्त 5 वर्ष की निर्धारित समय सीमा आगणित की जाए एवं तद्नुसार सेवायोजन सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा पुराने मामले पुनर्उद्घाटित नहीं किए जायेंगे।

अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक

सं0 3017-1-औस-17/पाकालि/2003 तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. मा0 ऊर्जा मंत्री जी, उ0प्र0शासन के निजी सचिव।
2. प्रमुख सचिव(ऊर्जा) उ0प्र0शासन, लखनऊ
3. मुख्य अभियन्ता(जल विद्युत) उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
4. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
5. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग/जाँच समिति-प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि
6. समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0
8. समस्त अनुभाग अधिकारी/ निजी सचिव, प्रशासनिक एवं लेखा स्कन्ध, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि/शक्ति भवन, लखनऊ

आज्ञा से,

(रवि प्रकाश मिश्र)
कार्मिक अधिकारी

7

(22)

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन: 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

संख्या: ~~118~~ 139/विनियम/पाकालि–2007–5– विनियम /98 दिनांक :11.09.07

कार्यालय ज्ञाप

" उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद परिचालकीय कर्मचारी वर्ग सेवा विनियमावली, 1995 " की धारा 45 (11) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह आदेशित किया जाता है कि " उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवको के आश्रितो की भर्ती नियमावली, 1975 " के अर्न्तगत यांत्रिक संवर्ग श्रेणी प–4 (तकनीशियन ग्रेड–11) (विद्युत) के पद पर सीधी भर्ती हेतु वे अभ्यर्थी भी पात्र होगें जो तत्समय लागू सेवा विनियमावली में अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के पदो पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हेतु शैक्षिक योग्यता/अर्हता यथा–अभियंत्रण में डिप्लोमा/डिग्री रखते हो।

2. उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद कर्मचारी वर्ग सेवा विनियमावली, 1995 के अन्य प्राविधान यथावत् अपरिवर्तनीय होगें तथा विनियमावली में इंगित अन्य सेवा शर्ते यथावत लागू रहेगी।

अध्यक्ष

पृ0 संख्या: 118(1)/विनियम/पाकालि–2007–5– विनियम /98तद्दिनांक।

उपरोक्त की प्रति निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्रमुख सचिव, (ऊर्जा), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव।
3. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0/उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0।
4. निजी सचिव, समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
5. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमॉचल/पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ/वाराणसी/लखनऊ/आगरा/केस्को, कानपुर।
6. समस्त मुख्य अभियन्ता, (स्तर 1/11) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
7. मुख्य अभियन्ता, (जल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
8. मुख्य अभियन्ता एवं अध्यक्ष विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
9. समस्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
10. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
11. उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ मुख्यालय के समस्त अधिकारी/अनुमाम/सूचना पटट्।

11/9/07

(जावेद अहमद)
अनुसचिव (विनियम)

8

21

U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

संख्या 1623 औ0स0/2008–27–एफ/80 दिनांक : 22 अप्रैल, 2008

कार्यालय ज्ञाप

विषय :–उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 के अन्तर्गत कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर भर्ती के सम्बन्ध में ।

पूर्ववर्ती उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद के आदेश संख्या–5778–कार्मिक(9)/राविप–258–एनजी–2/76, दिनांक 26.08.81 में यह प्राविधानित है कि उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 के अन्तर्गत कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर इस प्रतिबन्ध के साथ नियुक्ति की जा सकेगी कि सम्बन्धित कार्मिक संगत उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद लिपिकीय अधिष्ठान (मुख्य अभियन्ता एवम् अन्य अधीनस्थ कार्यालय) विनियमावली, 1970 में प्राविधानित टंकण परीक्षा दो वर्ष में उत्तीर्ण कर लेते है । पूर्ववर्ती परिषद की विज्ञप्ति संख्या–531–विनियम–23/राविप–98–7–विनी/88, दिनांक 22.12.98 द्वारा कार्यालय सहायक–3 हेतु "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक तथा टंकण की योग्यता के साथ–साथ कम्प्यूटर भिज्ञता होना चाहिए, प्राविधानित किया गया । उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–135–विनियम/पाकालि/07–5विनियम/98, दिनांक 11.9.2007 द्वारा यह आदेशित किया गया कि दिनांक 18.8.2007 से आगे कारपोरेशन में समूह 'ग' एवम् उच्च संवर्ग के पदों पर जो भी नियुक्तियॉ की जाए उनमें वर्तमान न्यूनतम शैक्षिक अर्हता Department of Electronics द्वारा संचालित Department of Electronics Accredition of Computer Courses (DOEACC) स्कीम के अन्तर्गत 'O' Foundation कोर्स उत्तीर्ण होना अथवा किसी प्रतिष्ठित कम्प्यूटर संस्थान से समकक्ष एक वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति संख्या–531–विनियम –23/राविप–98–7–विनी/98, दिनांक 22.12.98 एवम् कार्यालय ज्ञाप संख्या–135–विनियम–23/पाकालि–07–5 विनियम /98, दिनांक 11.9.07 द्वारा आदेश संख्या–5778

.....2/–

–कार्मिक(9)/राविप/258–एनजी–2/76, दिनांक 26.8.81 अतिक्रमित नहीं किया गया है। अतः प्रश्नगत कार्यालय सहायक–3 के पद पर परिवीक्षा पर उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 के अन्तर्गत इस प्रतिबन्ध के साथ उन अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति की जा सकेगी जो उक्त विज्ञप्ति दिनांक 22.12.98 एवम् कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11.9.2007 के अन्तर्गत प्राविधानित टंकण एवम् कम्प्यूटर योग्यता नहीं रखते, कि वे ये योग्यताऐं/अर्हताऐं दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में प्राप्त कर लेते है । सम्बन्धित कार्मिक का स्थाईकरण एवम् उनको वार्षिक वेतन वृद्धि प्रश्नगत टंकण एवम् कम्प्यूटर योग्यता/अर्हता प्राप्त करने के बाद अनुमन्य होगी ।

प्रबन्ध निदेशक

संख्याः 1623(1) औस/2008–27–एफ/80–तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0, मध्यांचल, लखनऊ/पूर्वान्चल,वाराणसी/पश्चिमांचल, मेरठ/ दक्षिणांचल, आगरा/केस्को, कानपुर ।
3– अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग/जॉच समिति–प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
4– समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/2)/मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवम् समस्त महाप्रबन्धक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
5– समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
6– समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, पूर्वान्चल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, मध्यांचल, केस्को एवम् पाकालि ।
7–समस्त अनुभाग अधिकारी/निजी सचिव, प्रशासनिक एवम् लेखा स्कन्ध, पावर कारपोरेशन लिमिटेड ।
8– सचिव, विद्युत कर्मचारी पेंशनर्स परिषद, 103 कीर्ति शिखर, अपार्टमेन्ट, स्टेशन रोड, लखनऊ।
9– कट फाइल ।

भवदीय,

(कौशल चन्द्र सक्सेना)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी

U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

(23) (20)

संख्या 1623 औ0स0/2008–27–एफ/80 दिनांक : 22 अप्रैल, 2008

कार्यालय ज्ञाप

विषय :–उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 के अन्तर्गत कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर भर्ती के सम्बन्ध में ।

पूर्ववर्ती उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद के आदेश संख्या–5778–कार्मिक(9)/राविप–258–एनजी–2/76, दिनांक 26.08.81 में यह प्राविधानित है कि उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1975 के अन्तर्गत कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर इस प्रतिबन्ध के साथ नियुक्ति की जा सकेगी कि सम्बन्धित कार्मिक संगत उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद लिपिकीय अधिष्ठान (मुख्य अभियन्ता एवम् अन्य अधीनस्थ कार्यालय) विनियमावली, 1970 में प्राविधानित टंकण परीक्षा दो वर्ष में उत्तीर्ण कर लेते है । पूर्ववर्ती परिषद की विज्ञप्ति संख्या–531–विनियम–23/राविप–98–7–विनी/88, दिनांक 22.12.98 द्वारा कार्यालय सहायक–3 हेतु "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक तथा टंकण की योग्यता के साथ–साथ कम्प्यूटर भिज्ञता होना चाहिए, प्राविधानित किया गया । उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–135–विनियम/पाकालि/07–5विनियम/98, दिनांक 11.9.2007 द्वारा यह आदेशित किया गया कि दिनांक 18.8.2007 से आगे कारपोरेशन में समूह 'ग' एवम् उच्च संवर्ग के पदों पर जो भी नियुक्तियॉ की जाए उनमें वर्तमान न्यूनतम शैक्षिक अर्हता Department of Electronics द्वारा संचालित Department of Electronics Accredition of Computer Courses (DOEACC) स्कीम के अन्तर्गत 'O' Foundation कोर्स उत्तीर्ण होना अथवा किसी प्रतिष्ठित कम्प्यूटर संस्थान से समकक्ष एक वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति संख्या–531–विनियम–23/राविप–98–7–विनी/98, दिनांक 22.12.98 एवम् कार्यालय ज्ञाप संख्या–135–विनियम–23/पाकालि–07–5 विनियम /98, दिनांक 11.9.07 द्वारा आदेश संख्या–5778

.....2/–

9

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
U.P.Power Corporation Limited
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

संख्याः 4327 औस/2009–27–एफ0/80 (वोल्यूम–।।।) दिनांकः 25 नवम्बर, 2009

कार्यालय ज्ञाप

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–3880–औस–17/पाकालि/2000–27–एफ/80, दिनांक 22.12.2000 व कार्यालय ज्ञाप संख्या–2797–औस–17/पाकालि/03–27–एफ/80 टी0सी0, दिनांक 06.06.2003 के अनुकम में उक्त आदेशों में प्रतिपादित व्यवस्था के साथ–साथ कारपोरेशन मुख्यालय एवम् अन्य प्रशासनिक कार्यालयों (यथा प्रबन्ध निदेशक, मुख्य अभियन्ता व लेखा इकाई के समकक्ष कार्यालय) में मृतकाश्रित के रूप में पुरूष अभ्यर्थियों को चपरासी के पद के विरूद्ध चपरासी के पद पर नियुक्त किये जाने एवम् उक्त वर्णित कारपोरेशन मुख्यालय व अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में मृतक आश्रित के रूप में चपरासी के पद के विरूद्ध नियुक्त श्रमिक पद पर कार्यरत ऐसे श्रमिकों, जो चपरासी पद की अर्हता रखते हो, को उनकी सहमति पर चपरासी का पदनाम तत्काल प्रभाव से दिये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से,

संख्याः 4327 (1) औस/2009–तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अध्यक्ष एवम् प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ से सम्बद्ध अपर सचिव।
2– अपर प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3– निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवम् प्रशासन)/(वितरण)/(वित्त), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4– प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मध्यांचल, लखनऊ/पूर्वान्चल, वाराणसी/पश्चिमांचल, मेरठ/दक्षिणांचल, आगरा एवम् केस्को, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया वे अपने अधीनस्थ निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को उक्त व्यवस्था से सूचित करने का कष्ट करें।
5– अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग/जॉच समिति–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6– मुख्य अभियन्ता (जल–विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
7– समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण)/पारेषण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
8– समस्त वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।
9– समस्त अपर सचिव/संयुक्त सचिव/महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक (लेखा/वित्त), उप मुख्य एवम् वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी (वेतन एवम् लेखा), उ0प्र0पावर कारपोरेशन लिमिटेड।

10– कम्पनी सचिव, पाकालि को टिप्पणी संख्या–1022 / पाकालि / बैठक(81) / 2009, नांक 19.11.2009 के सन्दर्भ में प्रेषित।

11– अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह कृपया इस आदेश को कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppcl.org (personnel) पर लोड करने हेतु ।

12 सचिव, विद्युत पेंशनर्स परिषद (उ0प्र0), 103 कीर्ति अपार्टमेण्ट स्टेशन रोड, लखनऊ।

13 कट फाइल ।

(कौशल चन्द्र सक्सेना)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P.Power Corporation Limited
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

संख्याः 3793 औस / 2009–27–एफ0 / 80(वोल्यूम– ।।।) दिनांकः 08 अक्टूबर, 2009

कार्यालय – ज्ञाप

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–3880–औस–17 / पाकालि / 2000–27 एफ / 80, दिनांक 22.12.2000 में निहित व्यवस्थानुसार मृतकाश्रितों की नियुक्ति मात्र श्रमिक, कार्यालय सहायक–तृतीय, अथवा टेक्नीशियन ग्रेड–2(विद्युत) पद पर किये जाने का प्राविधान है।

2– एतद्द्वारा उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 (यथा संशोधित) में सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि टेक्नीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) पद से (विद्युत) शब्द को विलोपित कर उक्त पद को प–4 श्रेणी के मात्र टेक्नीशियन ग्रेड–2 पद पर मृतकाश्रित को सेवायोजन प्रदान किया जायेगा। तद्नुसार कारपोरेशन के आदेश संख्या–3880–औस–17 / पाकालि / 2000–27 एफ / 80, दिनांक 22.12.2000 में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए उसके प्रस्तर–अ में इंगित प्रद टेक्नीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) से (विद्युत) शब्द को विलोपित कर उक्त पद को प–4 श्रेणी के मात्र टेक्नीशियन ग्रेड–2 पद के नाम से इंगित किया जाता है। उक्त आदेश के अन्य प्राविधान यथावत् प्रभावी रहेगें।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से

संख्याः 3793 (1) औ0सं0 / 2009–तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अध्यक्ष एवम् प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ से सम्बद्ध अपर सचिव।
2– अपर प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
3– निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवम् प्रशासन) / (वितरण) / (वित्त), उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
4– प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मध्यांचल, लखनऊ / पूर्वान्चल, वाराणसी / पश्चिमांचल, मेरठ / दक्षिणांचल, आगरा एवम् केस्को, कानपुर को

.....2 / –

इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया वे अपने अधिनस्थ निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को उक्त संशोधन से सूचित करने का कष्ट करें

5– अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग / जाँच समिति–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड।

